www.inyatrust.com

8th Standard First Summative Assessment - Sep/Oct - 2019

Time : 1.30 hrs. Subject :- HINDI Marks : 40

I. निम्न लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए चार-चार उत्तर दिए गए हैं, उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए । 4X1=4

01. ' **बालक** ' शब्द का अन्य लिंग रूप है:________________

A. बालक । B. लडकी । C. स्त्री । D. बालिका ।

02. ' **सच** ' शब्द का विलोम शब्द है:________________

A. झूठ । B. अच्छा । C. उत्तम । D. अन्याय ।

03. ' **दुनिया** ' शब्द का पर्यायवाची शब्द है:________________

A. परिवार। B. धरती । C. पेड़ । D. संसार ।

04. ' **आग बबूला होना** ' मुहावरे का अर्थ है:________________

A. भाग जाना । B. क्रोधित होना । C. निश्चिंत रहना । D. हार जाना ।

II. प्रथम दो शब्दों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित अनुरूप शब्द लिखिए । 2X1=2

5. प्रति दिन निकलनेवाला पत्र : दैनिक :: मास में एक बार निकलने वाला पत्र :________________

6. बिल्ली : रोटी :: बंदर :________________

III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । 2X1=2

7. शिशु ने दुनिया में आकर रो-रोकर क्या सीखा ?

8. भारतीय सेना के अफसर मेजर का नाम क्या था ?

IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए । 7X2=14

9. मेजर की युद्ध कुशलता के बारे में लिखिए ।

10. समाचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते हैं ?

11. सुधा कितने दिनों की छुट्टी माँग रही है, क्यों ?

12. सैनिकों को तुरंत वापस आने का आदेश अचानक क्यों दिया गया ?

13. निम्न पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

रोटी थोड़ी शेष रही जब,
बंदर बोला- " सुन लो अब तुम । "
यह रोटी मेरी मजदूरी,
हुई कामना मेरी पूरी ।

14. फूल और कली से हमने क्या सीखा है ?

Use E-Papers, Save Trees
Above line hide when print out

www.inyatrust.com

15. निम्न गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए ।

दूरदर्शन मनोरंजन का एक उपयोगी साधन है । इसके विभिन्न कार्यक्रम हमें स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करते हैं ।

V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार या वाक्य में लिखिए । **6X3=18**

16. भोलू घबराने का क्या कारण था ?

17. गांधीजी की सत्यप्रियता कहाँ से शुरू हुई, कैसे ?

18. ' शिक्षा ' कविता के अनुसार कवि किन-किन से शिक्षा पाने को कहते हैं ?

19. निम्न पद्यांश की पूर्ति कीजिए:

मिल कर रहे______________________________

____

____

__________________________________**उठाएँ ।**

20. गद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

दूरदर्शन से शिक्षा, विज्ञान, व्यापार, चिकित्सा, युद्ध, कृषि व राजनीति आदि विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त होती हैं । शिक्षा के क्षेत्र में तो दूरदर्शन बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है । शिक्षण कार्य में दूरदर्शन के उपयोग से समय और धन दोनों की भी बचत होती हैं । सामान्य ज्ञान के विकास में तो दूरदर्शन बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है।

१. दूरदर्शन से कौन-कौन सी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती हैं ?

२. शिक्षा के क्षेत्र में किसका योगदान महत्वपूर्ण है ?

३. दूरदर्शन के उपयोग से किस की बचत होती है ?

21. एक दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर एक पत्र लिखिए।

****

Use E-Papers, Save Trees
Above line hide when print out